26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 21 जनवरी, 2026
अंक- 89 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# संभल में हुये बवाल के मास्टरमाइंड शारिक साटा की सम्पत्ति कुर्क



संभल (एजेंसी/चिंगारी)। संभल में 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में मुख्य साजिशकर्ता दीपा सराय निवासी शारिक साटा की संपत्ति कुर्क की जा रही है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। कुर्की का आदेश कोर्ट से होने के बाद कार्रवाई की गई है। हिंसा के मास्टरमाइंड शारिक के घर पर कोर्ट के आदेश पर उसकी प्रॉपर्टी अटैच करने के लिए भारी पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे हैं। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, शारिक की प्रॉपर्टी अटैच की गई है। रेवेन्यू डिपार्टमेंट और पुलिस की टीमें तैनात की गई हैं, यह प्रॉपर्टी शहर के सबसे महंगे इलाकों में से एक में है। इस बिल्डिंग में चार मंजिलें हैं, लेकिन सिर्फ फरार आरोपी की मिल्कियत वाली मंजिल को ही अटैच किया गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शारिक के घर को अटैच कर लिया है। बवाल में मुख्य साजिशकर्ता आरोपी शारिक साटा के खिलाफ धारा 209 बीएनएस के तहत तीन रिपोर्ट दर्ज की गई थीं। यह कार्रवाई न्यायालय में हाजिर नहीं होने के चलते की जाती है। इसी क्रम में अब कोर्ट द्वारा कुर्की का आदेश किया गया है।

# हां मैं हूं शंकराचार्य...

## माघ मेला प्राधिकरण को अविमुक्तेश्वरानंद ने अंग्रेजी में चिट्ठी लिखकर दिया जवाब



**प्रयागराज (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रयागराज माघ मेला प्राधिकरण की तरफ से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मंगलवार को नोटिस भेजा गया था। नोटिस में कहा गया है कि आप कैसे खुद को ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में है। वहीं अब मेला प्राधिकरण के इस नोटिस का स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से जवाब दिया गया है। यह जवाब 8 पन्नों का है। अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से जवाब मेला प्राधिकरण की मेल आईडी से लेकर सेक्टर-4 में बने मेला प्राधिकरण के दफ्तर को भेज दिया गया है। जिस वक्त अविमुक्तेश्वरानंद की टीम मेला प्रशासन को नोटिस देने कार्यालय में गई, उस वक्त कोई भी जिम्मेदार अफसर नोटिस का जवाब लेने के लिए नहीं मिला। जिसके बाद गेट पर ही अनुयायियों ने जवाब चिपका दिये।

## स्पष्टीकरण/सार्वजनिक सूचना

**यह स्पष्ट किया जाता है कि कुछ समाचार पत्रों में 'द हीलर्स हॉस्पिटल बंद हो गया है' शीर्षक से प्रकाशित समाचार पूर्णतः असत्य, भ्रामक एवं तथ्यहीन है।**

**द हीलर्स हॉस्पिटल पूर्ण रूप से संचालित है तथा अस्पताल में सभी चिकित्सा सेवाएँ सामान्य रूप से दी जा रही हैं। अस्पताल का किसी भी प्रकार से बंद होना या सेवाएँ रोकना पूरी तरह गलत सूचना है।**

**उक्त समाचार बिना तथ्य सत्यापन एवं अस्पताल प्रबंधन से पुष्टि किए प्रकाशित किया गया, जिससे आम जनता, मरीजों एवं अस्पताल की प्रतिष्ठा को अनावश्यक क्षति पहुँची है।**

**हम स्पष्ट रूप से यह बताना चाहते हैं कि-**
**द हीलर्स हॉस्पिटल पूरी तरह चालू है**
**सभी विभाग एवं चिकित्सा सेवाएँ सुचारु रूप से संचालित हैं**
**अस्पताल बंद होने संबंधी प्रकाशित खबर पूर्णतः निराधार है**

**यह स्पष्टीकरण जनहित में सत्य जानकारी प्रदान करने हेतु जारी किया जा रहा है। गलत व भ्रामक समाचार प्रकाशित करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई का अधिकार अस्पताल प्रबंधन सुरक्षित रखता है।**

**द हीलर्स हॉस्पिटल प्रबंधन**







# जलालाबाद में डंडे से पीटकर व गला काटकर किशोर की निर्मम हत्या

## दो किशोरों के खिलाफ दी गई तहरीर

नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा जलालाबाद में देर शाम एक किशोर की डंडे से पीटकर व धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। जलालाबाद पंचायत घर के पास मंगलवार की शाम करीब आठ बजे कस्बे के मौहल्ला शेख सराय निवासी किशोर अरमान (16वर्ष) पुत्र महबूब गंभीर घायल अवस्था में पड़ा तड़पता मिला, किशोर गर्दन कटी होने के कारण खून से लथपथ था तथा पास में एक डंडा पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही जलालाबाद चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ नितेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी राहुल कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर गंभीर घायल किशोर को तुरंत उपचार के लिए नगर के पूजा हॉस्पिटल भेजा, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना की सूचना पर किशोर के परिजन व काफी संख्या में कस्बे के लोग अस्पताल पर पहुंच गये तथा उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस किशोर का शव सीलकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज रही थी, परिजनों व अन्य लोगों ने इसका विरोध करते हुए पहले आरोपियों को पकड़ने की मांग की। पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कर किशोर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने इस मामले में दो किशोरों सहित कई लोगों को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के भाई की ओर से थाना पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसके छोटे भाई 16 वर्षीय अरमान को 20 जनवरी 2026 की शाम करीब छह बजे कस्बे के दो किशार निवासीगण आसरा आवास कालोनी जलालाबाद रंजिशन अपने साथ ले गये तथा सहकारी समिति के सामने सुनसान स्थान पर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोई भी आरोपी बच नहीं पाएगा।




किशोर की हत्या के बाद घटना स्थल के पास जुटी लोगों की भीड़।



# बाईपास मार्ग निर्माण को डीएम को ज्ञापन सौंपा




डीएम को ज्ञापन देते भारतीय किसान संगठन एकता के पदाधिकारी।

नजीबाबाद ( चिंगारी )। भारतीय किसान संगठन एकता के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खान के नेतृत्व में डीएम जसजीत कौर से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें खस्ताहाल हरिद्वार-बाईपास मार्ग को आजाद चैक से मालन नदी तक निर्माण कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त मार्ग जगह-जगह गड्ढे होने से काफी खराब हालत में पहुंच गया है जिससे वाहन चालको को इस धूल भरे मार्ग से गुजरना जरूरी है। उन्होंने डीएम से लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद को अतिशीघ्र यह मार्ग बनाने के निर्देश देने की अपील की। ज्ञापन देने वालों में मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खान, जिलाध्यक्ष जाहिद हुसैन, मौ. शादाब, मौ. जैद, नीरज कश्यप, मौ. फरहीम खान, प्रगट सिंह आदि शामिल रहे।

# काम करने निकले पिलम्बर की हार्ट-अटैक से मौत

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी निसार अहमद पिलम्बर का काम करता था। मंगलवार की सुबह वह रोजाना की तरह मछली बाजार में राज सेनेट्री वेयर के स्वामी इरशाद अहमद के प्रतिष्ठान पर आया था, वहां से काम करने के लिए क्षेत्र में निकला था, काम पर पहुंचने पर अचानक वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, पिलम्बर को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पिलम्बर के परिवार में कोहराम मच गया। बीती रात उनका मौहल्ला स्थित कब्रिस्तान पर दफीना किया गया। पिलम्बर की मौत पर इरशाद अहमद, मुन्नू, शमशाद अहमद, अहमद डेयरी वाले, अतीक अहमद, शहजाद, सायेद्दीन, पिलम्बर शफीक अब्बू, दिलशाद अहमद आदि ने दुख व्यक्त कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की।

# बच्चों को निपुण बनाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन




नजीबाबाद (चिंगारी)। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, नवाचार व विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निपुण बनाने के उद्देश्य से न्याय पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय पुरनपुर गढ़ी में पूर्व बीआरसी मोबीन हसन की अध्यक्षता तथा संकुल प्रभारी महेन्द्र सिंह के संचालन में आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों ने अपने अपने नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया तथा बिना पुस्तक के भी पढ़ाया जा सकता है इस पर अपना प्रस्तुति दी। कार्यशाला में निर्मल शर्मा, संजीव कुमार, प्रीति, धर्मेन्द्र कुमार, इरफान, शीतल, अममजं शर्मा, गजल आदि उपस्थित रहे।

# वोट का अधिकार हाथ से न जाने दें- हाजी तसलीम

## एसआईआर एक महत्वपूर्ण अभियान- डॉ. रमेश तोमर



प्रेस कॉन्फ्रेंस में विचार रखते विधायक हाजी तसलीम अहमद व अन्य।

नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने अपने आवास पर प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन कर मीडिया को एसआईआर के संबंध में विशेष जानकारी देते हुए सभी मतदाताओं को अपने वोट व एसआईआर में नाम लिस्ट कराने के लिए जागरूक किया। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि वोट सभी का अधिकार है, वोट का अधिकार हाथ ना जाने दे, प्रत्येक मतदाता को एसआईआर लिस्ट में नाम दर्ज कराना जरूरी है, क्योकि यह मिनी एनआरसी हो सकती है। दूसरे चरण में काफी मतदाताओं को नोटिस जारी किये गये है, जिन मतदाताओं के फॉर्मो में कोई कमी है या साक्ष्य मांगा गया है, वह अपने फॉर्मो को कम्पलीट कर दे, जिससे उनका नाम भी वोटर सूची में शामिल हो जाएगा। साथ ही दूसरे चरण के अभियान में जो युवक-युवतियां 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके है, उनका वोट भी फॉर्म भरकर बनाया जा रहा है। विधायक ने बताया कि एसआईआर का यह सभी काम 6 मार्च तक पूरा होने के बाद फाइनल सूची जारी हो जाएगी। इस सूची में भी सभी मतदाताओं को अपना व परिवार का नाम चेक करना है। सपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के जिला बिजनौर के एसआईआर प्रभारी डॉ. रमेश तोमर ने एसआईआर अभियान के लिए सभी को जागरूक करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण अभियान है, सभी के प्रयास से जिला बिजनौर इस अभियान में काफी आगे है। उन्होंने कहा कि सरकार की मानसिकता एसआईआर को लेकर ठीक नहीं है, सरकार इसकी आड़ में बेईमाना करना चाहती है। सपा जिलाध्यक्ष मौ. जाकिर ने कहा कि एसआईआर को लेकर जिले की जनता काफी जागरूक व आगे है तथा 2027 में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक कर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगी। इस मौके पर जिला प्रवक्ता अखलाक अहमद पप्पू, डॉ. रहमान, वीरेंद्र यादव एडवोकेट, इंजीनियर शादाब हैदर, विधायक प्रतिनिधि नितिन कश्यप, प्रधान मरगूब अहमद, पूर्व प्रधान मौ. खादिम, पूर्व प्रधान रिजवान अहमद, दाउद कुरैशी, कदीर मंसूरी, जाहिद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# टांडा माईदास में कथा से पूर्व कलश यात्रा निकली

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना तहसील क्षेत्र के ग्राम टांडा माईदास में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किये हुए थीं। ढोल नगाड़े और डीजे के साथ शिव मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा मेन बाजार होते हुए कथास्थल पर पहुंचीं। ग्राम प्रधान विमला देवी एवं मोहल्ला सुजापुर कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई कलश यात्रा में सुभाष कश्यप, अशोक कश्यप, कृपाल कश्यप, लाखन कश्यप, भोल सिंह कश्यप, अतरू सिंह कश्यप, रामकुमार पाल, गुड्डू कश्यप, प्रीतम राठौर, विपिन कश्यप, सोनू कश्यप, विशाल कश्यप, नीरज राठौर, धनसिंह राठौर, सुनील कश्यप मुख्य रूप से शामिल रहे।





**DHARA MOTOR FINANCE LTD.**
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## धामपुर में कल निकलेगी पालकी यात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** मंडी युवा व्यापार संगठन द्वारा कल 22 जनवरी, गुरुवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ पर बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ियों की धर्मशाला से पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी होगा। मंडी युवा व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, महामंत्री विपुल जैन व कोषाध्यक्ष मनोज धनोरिया ने बताया कि पालकी यात्रा परंपरागत मार्ग से होते हुए राजगढ़ियों की धर्मशाला में पहुंचकर संपन्न होगी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## गैर सम्प्रदाय की युवती को भगा ले गया, प्राथमिकी दर्ज

**नहटौर ( चिंगारी )।** एक महिला ने गांव के ही दूसरे समुदाय के युवक पर उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी युवक व उसके के माता-पिता और भाई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दूसरे समुदाय के युवक पर आरोप लगाया है कि 18 जनवरी की रात्रि को वह उसकी पुत्री को भगाकर ले गया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि जब उसने आरोपी युवक के परिजनों से अपनी बेटी के बारे में जानकारी की तो वह उल्टे मारपीट करने पर उतारू हो गए। साथ ही उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर युवक अजय, पिता नरेंद्र, भाई नकुल और मां शशि के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -प्रकाशक

## यूपीसीए के लिये रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 जनवरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा एवं कोषाध्यक्ष नागेन्द्र सारस्वत ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यूपीसीए द्वारा नवीन सत्र के खिलाड़ियों (प्रत्येक उम्र) के रजिस्ट्रेशन 10 जनवरी 2026 से यूपीसीए की वेबसाइट Upca.knp@gmail.com पर शुरू हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026 है। सभी इच्छुक खिलाड़ी अपने-अपने ग्रुप में रजिस्ट्रेशन करवाकर अंतिम तिथि से पहले ही स्लिप कोषाध्यक्ष नागेंद्र सारस्वत को शाम 4 बजे के बाद नेहरू स्टेडियम बिजनौर में या मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा को सचदेवा क्लॉथ हाउस सदर बाजार बिजनौर देकर रिवीसिंग प्राप्त कर लें। रशीद देते समय खिलाड़ी अपने मूल प्रमाण-पत्र (आधार कार्ड व जन्म प्रमाण-पत्र) साथ लेकर आयें।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## बेरोजगारों से खिलवाड़

शिक्षा पाने से लेकर रोज़गार की तलाश में भटकती युवा पीढ़ी दिन ब दिन उलझती जा रही है। कैट, मैट, नेट, गेट आदि की प्रवेश परीक्षा देने के लिए फार्म के साथ कम से कम 500 से 1000 रुपये लिए जाने का प्रावधान है। उच्च शिक्षा में प्रवेश हेतु भी इस प्रकार के शुल्क की अदायगी करनी होती है। रोज़गार के नाम पर बेरोज़गारों से इस तरह की राशि की मांग करना सरासर लूट का जीता-जागता उदाहरण है। उस पर भी सितम यह कि कभी पर्चे आउट हो जाते हैं तो कभी नकल माफिया के कारण परीक्षा रदद हो जाती है। किसी का कुछ नहीं बिगड़ता, बस बेरोजगार ठगे-से रह जाते हैं। उत्तर प्रदेश में तो माहौल ऐसा बन गया है कि अगर कोई प्रतियोगी परीक्षा निर्बाध रूप से सकुशल सम्पन्न हो जाये तो बस चमत्कार ही समझो। पिछले एक दशक में कितनी परीक्षाओं के पर्चे लीक हुए हैं, इसकी संख्या बताना भी मुश्किल है। यह समझ से परे है कि कड़े कानून और तमाम चौकसी के बावजूद पर्चे लीक कैसे हो जाते हैं। उधर, विदेश भेजने के नाम पर बेरोज़गारों के साथ आयेदिन धोखाधड़ी की खबरें सुनने को मिलती हैं। जैसे धोखेबाजों पर कोई अंकुश ही न हो। दरअसल, हमारे यहां खुद सरकारी तंत्र की मिलीभगत इस धोखाधड़ी और पर्चे लीक करने में होती है, तब निजी क्षेत्र में बेरोज़गारों को लूटने वाले गिरोहों से आखिर कौन बचाएगा? उनकी तो चांदी ही हो गई।

स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोज़गार देना सरकार का सामाजिक दायित्व है। बेरोज़गार युवा पीढ़ी जो स्वयं अपने खर्च के लिए दूसरों पर आश्रित होती है, उससे शिक्षा से लेकर रोज़गार दिलाने के नाम पर (रोज़गार की कोई गारंटी भी नहीं) सरकारी व निजी स्तर पर मोटी फीस वसूलना कितना अनैतिक है, यह गंभीरता से सोचने का विषय है। जब तक रोज़गार नहीं मिल जाता, तब तक समाज द्वारा बेरोज़गारों को रोज़गार देने की प्रक्रिया तक हर तरह की सुविधा न्यूनतम लागत पर उपलब्ध कराया जाना सरकार का दायित्व है। सरकारी प्राथमिक शिक्षा इसी की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और बेहतर सुधारों की जरूरत के बावजूद स्वागत योग्य भी। लोकतंत्र की आधारभूत जिम्मेदारियां कम नहीं हैं और निश्चय ही यह जिम्मेदारियां किसी के रहमोकरम पर नहीं छोड़ी जा सकती।

## बहुआयामी व्यक्तित्व शिक्षाविद चैतन्य स्वरूप गुप्ता

प्रसिद्ध अंग्रेजी कवि शेक्सपियर ने लिखा है कि कुछ लोग बड़े घराने में जन्म लेने के कारण महान कहलाते हैं, कुछ पर अनायास महानता थोप दी जाती है, और कुछ अपने महान कार्यों से महानता अर्जित कर लेते हैं। महान कार्यों से महानता अर्जित करने वाले थे प्रधानाचार्य चैतन्य स्वरूप गुप्ता।

उत्तर प्रदेश में जनपद बिजनौर के मुख्यालय के एक प्रमुख इंटर कॉलेज-राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इन्टर कॉलेज के ख्याति प्राप्त पूर्व प्रधानाचार्य स्व. चैतन्य स्वरूप गुप्ता ने शिक्षा क्षेत्र में अपने अद्वितीय योगदान के कारण महानता की श्रेणी प्राप्त की। वे शिक्षा के क्षेत्र में अपने विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार-1979 से सम्मानित किए गए।



श्री चैतन्य स्वरूप गुप्ता का जन्म 21 जनवरी, 1926 को अनूपशहर (जिला बुलंदशहर) में हुआ था, जहां उनके पिता, बिजनौर निवासी श्री आनन्द स्वरूप गुप्ता कानूनगो पद पर कार्यरत थे। चैतन्य स्वरूप गुप्ता पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। विभिन्न स्थानों पर अध्ययन करने और अन्त में अर्थशास्त्र में एमए, एलटी की डिग्री प्राप्त करने के बाद वे बिजनौर आ गए, यहां उनके पिता रिटायरमेंट के बाद आ गए थे। सन् 1950 में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इन्टर कॉलेज में अर्थशास्त्र प्रवक्ता पद पर उनकी नियुक्ति हो गई। अपनी प्रतिभा के बल पर शीघ्र ही उन्होंने कॉलेज के प्रधानाचार्य पद पर प्रोन्नति पायी और 32 वर्ष इस पद पर रहते हुए शिक्षा क्षेत्र में समाज की उल्लेखनीय सेवा की और उक्त कॉलेज को जनपद के श्रेष्ठ विद्यालयों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया।

उनके कार्यकाल में कॉलेज ने अपने अनुशासन, उच्च शिक्षा स्तर, श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, खेल-कूद के क्षेत्र, सांस्कृतिक व शैक्षिक गतिविधियां, वैज्ञानिक प्रदर्शनियां इत्यादि क्षेत्रों में दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त कर ली। इस कॉलेज में अध्ययन के लिए प्रवेश पाना छात्रों के लिए सौभाग्य की बात समझी जाती थी।

**श्री चैतन्य स्वरूप गुप्ता एक कुशल प्रशासक होने के साथ ही एक प्रवीण शिक्षक भी थे। वे 'गुरु कुम्हार शिष्य कुंभ है /गढ़, गढ़ काढ़े खोट। अन्दर हाथ सहार दे, बाहर बाहे चोट' उक्ति को चरितार्थ करते हुए छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते, साथ ही उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते, समझते और सुलझाते थे। छात्रों में उनके प्रति सदैव बड़ा सम्मान और श्रद्धा की भावना थी। कॉलेज के समस्त शिक्षकों व अन्य स्टाफ-सदस्यों के साथ श्री चैतन्य स्वरूप गुप्ता के संबंध सदैव मधुर बने रहे। उन्हें सदैव ही सबका पूर्ण सहयोग प्राप्त होता रहा।**

समाज में श्री गुप्ता का बहुत मान-सम्मान और नाम था। वे बहुत मिलनसार और शिष्ट आचरण वाले व्यक्ति थे, जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करने में और सामाजिक हित के कार्यों को करने में वे सदैव आगे रहते थे।

**शिक्षा के क्षेत्र में अपने विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय पुरस्कार-1979 से सम्मानित किए गए। गुप्ता जी की सबसे बड़ी चारित्रिक विशेषता यह थी कि वे अपने ऊपर किए गए किसी भी उपकार करने वाले का अहसान नहीं भूलते थे। हृदय से कृतज्ञता मानना और व्यक्त करना उनकी प्रकृति का अभिन्न अंग था राजा ज्वाला प्रसाद जी के परिवार (जो धर्मनगरी परिवार के नाम से जाना जाता है) द्वारा स्थापित राजा ज्वाला प्रसाद इन्टर कॉलेज के संस्थापक- प्रबंधक कुंवर सत्यवीर जी ने चैतन्य स्वरूप गुप्ता जी को कॉलेज में पहले शिक्षक पद पर नियुक्ति दी और फिर प्रधानाचार्य पद पर प्रोन्नत किया और हर प्रकार से सदैव उनको सहारा दिया। इस उपकार के लिए वे जीवन पर्यन्त कुंवर साहब के, और पूरे धर्मनगरी परिवार के हृदय से कृतज्ञ रहे। यहां तक कि कुंवर साहब के निधन के बाद और अपने रिटायरमेंट के बाद भी धर्मनगरी परिवार के प्रति समर्पित रहे।**

श्री चैतन्य स्वरूप गुप्ता जी का पारिवारिक जीवन भी उतने ही सुख और प्रेम से गुजरा जितना उनका व्यवसायिक और सामाजिक जीवन। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम लता, निवासिनी महलवाला, जिला मेरठ, एक अत्यन्त गुणी, नेक, सहृदय और दयावान महिला थीं। लगभग 60 वर्ष के सुखद वैवाहिक जीवन के बाद, दुर्भाग्यवश वर्ष 2008 में इस देवी का निधन हो गया।

श्री गुप्ता जी के दो पुत्र और दो पुत्रियां थीं। उन्होंने सभी को उच्च शिक्षा-दीक्षा दिलायी। सभी जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पद पर पहुंचे और अपने-अपने परिवारों सहित समाज में सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र विनीत कुमार,जो मुंबई में अपने परिवार के साथ रह रहे थे, दुर्भाग्यवश वर्ष 2007 में स्वर्ग सिधार गये, जो गुप्ता जी के लिए एक बड़ा आघात था।

गुप्ता जी ने अपने विद्यार्थी काल में अपने कई निकट संबंधियों के यहां रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की थी। वे उपकार का अहसान मानने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने भी अपने यहां कई रिश्तेदारों के बच्चों को रखा और पढ़ाया।

श्री चैतन्य स्वरूप गुप्ता जी का एक अल्प बीमारी के बाद उनके बिजनौर स्थित निवास पर, 95 वर्ष की आयु में 24 मई 2021में निधन हो गया। उस समय उनके बच्चे और स्वजन वहां उपस्थित थे।

आज श्री चैतन्य स्वरूप गुप्ता जी की जन्मशती है। हम इस कर्मयोगी की पुण्य स्मृति को श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं और इस महान आत्मा को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**वीपी गुप्ता**

**पूर्व प्रवक्ता और पत्रकार**

## एक धुरी

प्रत्येक व्यक्ति की अपनी दुनिया है, जो अपना हित नामक धुरी पर घूमती रहती है। रिश्ते-नाते, मित्रता, कस्मे-वादे, वैचारिक सम्बंध, व्यवसायिक सम्बंध, राजनैतिक सम्बंध, धार्मिक सम्बंध, जातीय लगाव, कोई दो कदम चलता है, तो कोई 10 कदम, परन्तु स्थायी अपना हित ही है। अच्छाई-बुराई, गुण-दोष, सही-गलत, अपने हित की धुरी के चारों ओर नाचते रहते हैं। शक्ति और हित इन सबको नचाते रहते हैं। पिता की मृत्यु के बाद छोटी से सम्पत्ति के बंटवारे में दो सगे भाई शत्रु अथवा शत्रु जैसे बन जाते हैं। समय और परिस्थितियां अच्छाई-बुराई, गुण-दोष को बिल्कुल विपरीत दिश दे देती हैं। 6-7 वर्ष पहले तक सऊदी अरब में स्त्रियों का घर से बाहर आंखों के अतिरिक्त पूर्ण शरीर को स्थानीय गाउन से ढककर और बाप, पति, भाई आदि ब्लड रिलेटिव (महरम) के ही साथ निकलना कानूनी, धार्मिक और सामाजिक रूप से जायज था। अब वहां स्त्रियां गाड़ियां चला रही हैं। स्वतंत्रता से शोपिंग कर रही हैं। एक-डेड़ वर्ष पहले तक हम बंग्लादेश के लिये और बंगला देश हमारे लिये अच्छे थे। अब अच्छाई ने बुराई की ओर करवट बदल ली।

अनेक देशों के लोग अरब कलचर की निंदा करते हैं। यूरोप और पश्चिमी कलचर के दोष गिनाते हैं, परन्तु अवसर मिलने पर अमरिका, दुबई, कतर, इंग्लैड आदि देशों में अपने बच्चों को पढ़ने, नौकरी करने, ग्रीन कार्ड के जुगाड़ हेतु भेज देते हैं। देखते-देखते बुराइयां, अच्छाइयों में बदल जाती हैं। यह गुण-दोष भी अपने और पराये के प्रथक मानदण्डों पर खड़े हैं। अमरिका को पाकिस्तान, यूएई, सऊदी अरब में तानाशाह पसन्द है, उसी क्षेत्र के अफगानिस्तान में ईरान में जनतंत्र चाहिये। अरबी मदरसा चलाने वाले लोग अरबी के गुणगान करके चंदा मांगते हैं, परन्तु सामान्यत: इनके अपने बच्चे-बच्चों के बच्चे कानवेन्ट अथवा उच्च स्तरीय इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ रहे होते हैं। राष्ट्रभाषा पर भावुक भाषण देने वालों के बच्चे-सामान्यत: देशी अथवा विदेशी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ते हैं। यह वास्तविकता है कि आडम्बरों, पाखंडों के डीजल से यह अपनाहित की धुरी सामाजों के प्राकृतिक मूल्यों को बहुत गहराई तक हानि पहुंचा रही है, परन्तु चरित्रवान, सहनशील उदार, दयालु तर्क के आधार पर सोचने वाले व्यक्तियों की समाजों के अंग हैं। यह अलग बात है कि उनमें साइस, संसाधन और इच्छाशक्ति की कमी है।



**मुहम्मद मुस्लिम खां** मो. 9711132012

# कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाये : डीएम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत वर्तमान में महत्वपूर्ण प्रक्रिया संचालित है। उन्होंने कहा कि नामावलियां जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ बनाई जाएंगी, उतना ही प्रभाव देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर पड़ेगा। उन्होंने सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सुपरवाइजर्स एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली में 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियों का कार्य पूर्ण निष्पक्षता पारदर्शिता और दक्षता के साथ संपन्न कराएं तथा कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करने से वंचित न रहे और न ही कोई अपात्र व्यक्ति निर्वाचन नामावलियों में अपना नाम शामिल कराने में सफल हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि दावे और आपत्तियों के कार्य के अलावा विशेष रूप से फॉर्म 6 बनवाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया जाए और 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला कोई भी युवा एवं युवती अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि मतदाता जागरूकता के लिए रैलियों का आयोजन करें और स्कूलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराएं।

# तीन दिन से लापता युवक का शव नहर में मिला



मृतक का फाइल फोटो

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** तीन दिन से लापता युवक का शव मंगलवार को नहर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला टांडा निवासी गौरव पुत्र चेतन कुमार ( 25 ) शनिवार की शाम घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारी व आसपास के क्षेत्रों में उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार को ग्राम के समीप स्थित फीका दोआब नहर की पुलिया के पास ग्रामीणों ने युवक का शव पानी में पड़ा देखा। इसकी सूचना तुरंत परिजनों व पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर जांच-पड़ताल की। बताया गया कि मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार किए जाने के बाद पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जाता है कि मृतक युवक के नशे का आदी था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में वह नहर में गिर गया होगा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक का स्वागत किया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को बिजनौर में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक घनश्याम सिंह का बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भावपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य बैंक के वर्तमान प्रदर्शन की समीक्षा करना, भविष्य की रणनीति को स्पष्ट करना तथा सभी शाखाओं एवं क्षेत्रों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में प्रेरित करना था।

बैठक में महाप्रबंधक ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक देश का सबसे बड़ा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बन चुका है और अब हम अनेक बैंकों का समूह नहीं, बल्कि एक उद्देश्य के साथ एक बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। शाखाओं को निर्देशित किया कि वे योजना-वार अग्रिम रिपोर्ट, गांव/ब्लॉक/तहसील-वार डेटा, सरकारी प्रायोजित योजनाओं, एनपीए स्थिति, आरसी/वाद/ डिक्री/ डीआरटी मामलों, बीमा एवं पुनरावलोकन तिथियों का सुव्यवस्थित रिकॉर्ड रखे, ताकि कार्यों में पारदर्शिता, नियंत्रण एवं त्वरित निर्णय सुनिश्चित हो सके। बैठक में पहुंचने पर क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह ने महाप्रबंधक घनश्याम सिंह का स्वागत किया। बैठक में अंकित रस्तौगी, सीपी सिंह, अक्षय कुमार शर्मा, प्रयांशु त्यागी, राजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन श्रीमती रिम्पी ने किया।

# नवाब का अहाता में आवारा कुत्तों का आतंक



**बिजनौर( चिंगारी )।** नवाब का अहाता क्षेत्र में आवारा कुत्तों ने आतंक फैला रखा है। यह कुत्ते अब तक कई लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं। छोटे-छोटे बच्चे जब स्कूल जाते हैं तो ये कुत्ते उन्हें देखकर पीछे भागने लगते हैं, जिससे बच्चे गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। कुत्ते बाइकों की आवाज सुनकर बाइकों के पीछे भागते हैं, जिससे बाइक सवार हड़बड़ाहट में बाइक को तेज कर देते हैं और टकराकर घायल हो जाते हैं। रात्रि के समय तो यह और भी ज्यादा उग्र हो जाते हैं। जब एक कुत्ता भौंकता है तो उसके आसपास के कुत्ते भी उसके साथ-साथ भौंकना शुरू कर देते हैं। रात्रि के समय अगर किसी की तबियत खराब हो जाये तो इन कुत्तों का सामना करके जाना पड़ता है, जो किसी जंग लड़ने से कम नहीं है। इन कुत्तों ने अपने-अपने क्षेत्र बना रखे हैं, जहां ये टोली के रूप में खड़े रहते हैं और राह चलते राहगीरों पर भौंकना शुरु कर देते हैं। कुछ लोग इन कुत्तों को खाने-पीने की चीजें डालते रहते हैं, जिससे ये वहीं रहना शुरू कर देते हैं।

# युवक को बेरहमी से पीटा, पैर की हड्डी तोड़ी

**बिजनौर( चिंगारी )।** कांशीराम कॉलोनी के पास एक युवक को बड़ी बेरहमी से पीटने की घटना सामने आयी है। पीड़ित परिवार ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कांशीराम कालोनी निवासी अशरफ जहां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 19 जनवरी की रात को करीब आठ बजे दानिश किसी काम से उजमा के घर की ओर से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद गुड्डू पहाड़ी, इमरान पहाड़ी, शाहरुख और खालिद उर्फ घोड़ा ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। दानिश ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। थोड़ी देर में उजमा और इमरान लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड लेकर मौके पर आ गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर दानिश को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से सिर पर वार किया। बचाव में रॉड पैर पर लगने से उसकी दोनों हड्डियां टूट गईं और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग नबील और फरमान मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

## गुप्त नवरात्र के उपलक्ष्य में किया सत्संग

# गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था की



**धामपुर( चिंगारी )।** माघ गुप्त नवरात्र के शुभ अवसर पर अनन्त नियति वर्ल्डपीस चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित अनन्त श्री शिवशक्तिपीठ एवं संस्कारशाला आश्रम पर मां भगवती की पूजा-अर्चना के साथ दिव्य सत्संग प्रारम्भ हुआ। मां भगवती की महिमा का गुणानुवाद करते हुए कथा व्यास संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान आचार्य डा. दिनेशचन्द्र भारद्वाज ने बताया कि हिन्दू सनातन धर्म में शक्ति की उपासना आराधना के लिए चार नवरात्र आते हैं। चैत्र, आषाढ़, आश्विन, माघ। इनमें से चैत्र शुक्ल पक्ष व आश्विन शुक्ल पक्ष नवरात्र नाम से जाने जाते हैं और आषाढ़ शुक्ल पक्ष व माघ शुक्ल पक्ष गुप्त नवरात्र के नाम से जाने जाते हैं। चैत्र तथा आश्विन की नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री पूजे जाते हैं। आषाढ़ माघ में गुप्त नवरात्र आते हैं। इसमें माता सती की दश महाविद्या- काली, तारा, त्रिपुर सुन्दरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमादेवी, बगलामुखी, मातंगी और कमला की गुप्त साधना, आराधना, उपासना होती है। इस वर्ष 19 जनवरी से माघ गुप्त नवरात्र प्रारम्भ हो गये हैं। गुप्त नवरात्र के द्वितीय दिवस में महिला सत्संग कमेटी धामपुर के बैनर तले आचार्यश्री द्वारा स्वसंचालित गौरी गौशाला पर गौ माताओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था की गयी और चोकर दान दिया गया। इस अवसर पर प्रीति शर्मा, नीतू चौहान, रीना चौहान, पुष्पा देवी, अर्चना सिंह, आकांक्षा चौहान, निर्मल चौहान, रीता चौहान, वान्या चौहान तथा सुमन चौहान उपस्थित रहीं।

# महाराणा प्रताप को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**धामपुर ( चिंगारी )।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 429वीं पुण्यतिथि के अवसर पर धामपुर नगर में श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ धामपुर के तत्वावधान में नगरवासियों एवं क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोगों ने धामपुर में आरएसएम तिराहे पर स्थित महाराणा प्रताप स्मृतिका स्थल पर उनकी भव्य प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके पश्चात क्षत्रिय नगर स्थित न्यू स्टाइल कोचिंग में महाराणा प्रताप जी को समर्पित एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के प्रतिष्ठित कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी ओजस्वी रचनाओं से वीर प्रताप के अद्भुत पराक्रम, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का चित्रण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ धामपुर के संरक्षक डॉ. एन.पी. सिंह ने की तथा संचालन अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने किया।



कवि सम्मेलन में डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल', राजकुमार वर्मा, डॉ. एस.एस. राजपूत ने वीर रस से परिपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कर महाराणा प्रताप जी को काव्यांजलि अर्पित की। डीएस चौहान ने कहा 'गवाह इसी बात की पावन हल्दीघाटी है, खून दिया है, पर दी नहीं देश की माटी है।' इस अवसर पर डॉ. रवेंद्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, डॉ. आर.के.चौहान, धनंजय सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, कुंवर आशीष राजपूत, ठाकुर रविकांत, पंकज चौहान, संतोष राजपूत, अरुण कुमार, शिशुपाल सिंह, सुनील कुमार 'सनी' भोजवाल आदि उपस्थित रहे।





## ज्ञानोदय पत्रिका का विमोचन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां आर्य समाज के सभागार में 'ज्ञानोदय ब्रह्म दिग्दर्शिका' पत्रिका के विमोचन एवं जर्सी वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञानोदय ब्रह्म दिग्दर्शिका के संपादक डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' द्वारा इस पुस्तिका में ज्ञानप्रद, रोचक और सामाजिक लेखों का समावेश किया गया है, जिससे समाज के हर छोटे-बड़े व्यक्ति को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार चौबे ने कहा कि ज्ञानप्रद पुस्तकों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के डायरेक्टर एवं पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. सुबोध चंद्र शर्मा तथा योगेंद्र पाल योगी ने ज्ञानोदय पत्रिका की सफलता के लिए संपादक डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' एवं डॉ. रंजना के संयुक्त संचालन में आयोजित कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद राठी, योगेंद्र योगी, दिनेश चंद्र शास्त्री, आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला सह प्रशासक मा. ब्रह्मपाल सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

## एसडीओ सिंचाई पुनीत अग्रवाल को मातृशोक

**धामपुर ( चिंगारी )।** अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर के द्वितीय उपखण्ड में कार्यरत सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल की माता का आकस्मिक स्वर्गवास का समाचार सुनकर खण्ड में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि रात्रिकाल लगभग 2 बजे बुलन्दशहर स्थित उनके पैतृक आवास में उनका गौलोक गमन हो गया।



सूचना प्राप्त होते ही एसडीओ पुनीत अग्रवाल परिवार सहित धामपुर से बुलन्दशहर को रवाना हो गए। खण्डीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शुभचिन्तकों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। अंतिम संस्कार मोक्षदायनी गंगा के तट पर बृजघाट में किया जायेगा। 'चिंगारी' परिवार दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करता है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने जेल भेजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी नगीना के सफाई कर्मचारी कुनाल बागड़ी उर्फ अभिषेक को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। नगीना निवासी एक युवती ने नगीना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि नगीना के मोहल्ला लुहारी सराय बाल्मीकि बस्ती निवासी कुनाल बागड़ी उर्फ अभिषेक पुत्र संजय बागड़ी नगीना नगर पालिका में सफाई कर्मी के पद पर तैनात है। वर्ष सन् 2014 से युवती व कुनाल की दोस्ती हो गई थी। कुनाल ने युवती से शादी करने की बात की और उसकी मर्जी के बिना युवती के साथ दुष्कर्म किया। सन् 2023 तक वह उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। 17 जनवरी सन् 2025 को जब युवती ने उससे शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया और गंदी गंदी गलियां देकर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, घर में घुस कर युवती की माता व युवती दोनों को मार पीट कर घायल कर दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। नगीना पुलिस ने कुनाल बागड़ी उर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। अपर सीजेएम नैन सिंह धुन्ना ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## शुगर मिल के गेस्ट हाउस में ठहरे युवक की मौत से हड़कम्प

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के गेस्ट हाउस में ठहरे 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक उत्कर्ष राजस्थान के जयपुर का निवासी था। वह 12 जनवरी से गेस्ट हाउस में रह रहा था। आज सुबह लगभग दस बजे गेस्ट हाउस का कर्मचारी नाश्ते के लिए पूछने गया, तो उत्कर्ष बैड पर चित पड़ा था। शरीर पर कोई जाहिरा चोट का निशान नहीं मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि मृतक किसी अधिकारी का परिचित था। उसके लिए एक लेखपाल ने गेस्ट हाउस में रूम बुक कराया था। मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका।



## आपदा प्रबन्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**लालढांग ( चिंगारी )।** राजकीय मॉडल महाविद्यालय मीठीबेरी में मंगलवार को आपदा प्रबंधन के संदर्भ में लोक चेतना मंच एवं मीठीबेरी महाविद्यालय की रेडक्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार, मुख्य प्रशिक्षक मनोज कंडियाल एवं श्रीमती आयुषी देवराड़ी ने द्वीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कुलदीप चौधरी ने मुख्य प्रशिक्षक व आगंतुकों का परिचय कराते हुए बैज लगाकर स्वागत किया गया।



मुख्य प्रशिक्षक मनोज कंडियाल ने छात्र छात्राओं को आपदा प्रबंधन के विषय में परिचयात्मक रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपदा है क्या और आप इसे किस-किस प्रकार से देखते हैं। उन्होंने कहा कि आपदा दो प्रकार की होती है प्राकृतिक आपदा एवं मानव निर्मित आपदा। दोनों ही प्रकार की आपदा से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम प्रो. सतेन्द्र कुमार, डॉ. अरविन्द वर्मा, डॉ. देशराज सिंह, डॉ. सुनीता बिष्ट, शशिधर उनियाल, पूनम सिंह, कुलदीप एवं सूरज सिंह, लोक चेतना मंच के आशीष शर्मा, श्रीमती ममता थपलियाल, श्रीमती दिक्षा शर्मा, छात्र-छात्राओं में आरती, तनु, पिंकी, दीपिका, दीपकौर, सोनम, सोनिया, अपेक्षा, लवकुश, शावेज, प्रवीण, कशिश, चंचल, यशोदा, कंचन आदि उपस्थित रहे।

# शिकायत के साथ शिकायतकर्ता का फोटो भी संलग्न करें अधिकारी : डीएम

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए यदि आवश्यक हो तो स्थलीय निरीक्षण करें तथा मौके पर ही शिकायतकर्ता के साथ वार्ता की जाए और उसके फोटोग्राफ भी शिकायत निस्तारण की आख्या के साथ संलग्न किये जाएंगे ताकि निस्तारण की गुणवत्ता प्रमाणित हो सके।



उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि इसी के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करें और यदि किसी शिकायत का निस्तारण संभव न हो और शिकायत मांग पर आधारित हो तो शिकायत को मांग की श्रेणी में रखकर उसके निस्तारण की कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिकायत डिफॉल्ट श्रेणी में नहीं आनी चाहिए, सभी शिकायतों का निस्तारण समयपूर्वक एवं गुणवत्ता के साथ करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर पंचायत राज एवं एआरटीओ विभाग की शिकायत के स्थलीय निरीक्षण न करने तथा असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभागीय शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक शरदपाल सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गुलदार को पकड़ने के लिये खुद पिंजरा ढोकर लाये किसान



पैजनिया (चिंगारी)। गांव पैजनिया के किसानों में गुलदार की दहशत व्याप्त है। किसान अपने खेतों पर समूह बनाकर जा रहे हैं। बावजूद इसके चांदपुर के वन क्षेत्राधिकारी की लापरवाही का नतीजा उस समय देखने को मिला, जब दहशतजदा किसान गुलदार को पकड़ने के लिए खुद ही ट्रैक्टर-ट्राली में पिंजरा ढोते हुए नजर आए।

बुधवार को किसान विनीत त्यागी, संजय त्यागी, अभिषेक त्यागी, दीपक त्यागी, राजीव त्यागी, मोहित त्यागी ने बताया कि मंगलवार को सभी किसान अपने खेतों पर मजदूरों से गन्ना छिलाई करा रहे थे, इस दौरान गुलदार ने नीलगाय के बच्चे को अपना निवाला बना लिया, जिससे किसान एवं खेत पर काम कर रहे मजदूर गुलदार के भय के कारण अपने घरों को लौट गए। किसानों का आरोप है कि उन्होंने तत्काल ही वन क्षेत्र अधिकारी चांदपुर को घटना की जानकारी दी, परंतु अभी तक वन विभाग की कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची है। किसानों का कहना है कि वन विभाग के वन रेंजर मुकुल त्यागी ने किसानों से गुलदार को पकड़ने का पिंजरा कई किलोमीटर दूर किसी अन्य जगह से ट्रैक्टर-ट्राली में लदवाकर मंगवा लिया है, परंतु उस पिंजरे की कोई जिम्मेदारी लेने के लिए वन विभाग के अधिकारी या कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं हैं। इस संबंध में वन विभाग के कंजरवेटिव ऑफिसर बरेली ने बताया कि संबंधित अधिकारी के द्वारा की गई लापरवाही का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# ऐसे करें गणित विषय की तैयारी



सुरेशचन्द राजपूत

नांगल सोती (चिंगारी)। बोर्ड परीक्षायें 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। कठिन माने जाने वाले गणित विषय की तैयारी के सम्बन्ध में राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती के सेवानिवृत्त शिक्षक एवं गणित के विद्वान सुरेशचन्द राजपूत बोर्ड परीक्षार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दे रहे हैं। हालांकि परीक्षार्थियों से पहले उनका सुझाव अभिभावकों को है। उनका कहना है कि बच्चों के विकास में अभिभावकों की मुख्य भूमिका होती है। अभिभावक अपने बच्चों की अन्य बच्चों के साथ तुलना करने में सावधानी बरतें। इससे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो सकते हैं। बच्चों को डांटने के स्थान पर प्रोत्साहित करें। समय-समय पर महान गणितज्ञों के बारे में उन्हें बतायें।

## हाईस्कूल के परीक्षार्थियों के लिये सुझाव

★ गणित सहित प्रत्येक विषय के अध्ययन के लिये समय-सारणी बनाइये।
★ अपने पाठ्यक्रम को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर तैयारी कीजिये।
★ विषय सम्बन्धी सूत्रों और युक्तियों से अवधारणाओं को स्पष्ट करें।
★ अनसॉल्व्ड पेपर्स को हल करें।
★ दो या तीन साथियों के साथ कठिन प्रश्नों पर चर्चा करें, इससे जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान होता है।
★ ज्यामिति के प्रश्नों को रटने के स्थान पर समझने का प्रयास करें।
★ परीक्षा के समय का ध्यान रखते हुए प्रश्नों को हल करें।
★ अंकगणितीय क्रियाओं जैसे भिन्नों को हल करना, वर्गमूल निकालना सीखें।
★ क्षेत्रफल और परिमाप की अवधारणायें स्पष्ट करें।
★ त्रिकोणमिति और निर्देशांक ज्यामिति को ठीक प्रकार से समझें, इससे आगामी कक्षाओं में भी काफी आसानी होगी।

## इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों हेतु सुझाव

★ गणित की मूल अवधारणाओं को समझें।
★ नियमित अभ्यास करें और अभ्यास के लिये टाइम टेबिल बनायें।
★ पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्रों को हल करें।
★ प्रत्येक अध्याय के सूत्रों को एक जगह लिखें और उनका अभ्यास करें।
★ बार-बार रिवीजन करते रहें।
★ गलतियों को नोट करके उन कमियों को इस तरह दूर करें कि वे गलतियां दोबारा न दोहराई जायें।
★ ऑनलाइन मदद भी ले सकते हैं।
★ आत्मविश्वास बनाये रखें। लगातार मेहनत और अभ्यास से गणित में अच्छे अंक लाना संभव है।
★ दो-तीन सहपाठियों के साथ गणित के कठिन प्रश्नों पर चर्चा करते रहें, इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।
★ परीक्षा में समय का ध्यान रखें, ताकि प्रश्न-पत्र समय से हल हो जाये और उत्तरों को एक बार पुन: ठीक से देखने का समय भी मिल जाये। इससे भूल को सुधारा जा सकता है।
★ कभी-कभी किसी याद किये गये प्रश्न को हल न कर पाने पर विद्यार्थी संयम खो देते हैं। उस प्रश्न को छोड़कर अगले प्रश्न को हल करें। रह गये प्रश्न को अंत में पुन: किया जा सकता है।

# मदरसे में सात बच्चों की दस्तारबंदी



नगीना (चिंगारी)। नगर के मुहल्ला कलालान फुलवाड़ स्थित मदरसा जामिया अरबिया रशीदिया में दस्तारबंदी समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सात बच्चों की दस्तारबंदी की गई, जिसमें चार बच्चों के हिफ़्ज़ क़ुरआन मुकम्मल करने और तीन बच्चों के बुख़ारी शरीफ मुकम्मल करने पर दस्तारबंदी के बाद उन्हें सनद देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सदारत मौलाना मुहम्मद सुलेमान शेखुल हदीस मदरसा जामिया अरबिया रशीदिया ने की, जबकि निज़ामत मौलाना हिफ़्ज़ुर्रहमान ने की। मौलाना वकील अहमद ने तिलावतें कलामे पाक की, जबकि अब्दुल सुब्हान ने बरगाहें रिसालत में नाते पाक का हदिया पेश किया। इस चालीसवें ख़त्म बुख़ारी शरीफ के इस कार्यक्रम में मुफ़्ती कफ़ील अहमद मज़ाहिरी ने मदरसा जामिया अरबिया रशीदिया के इतिहास की तफ़सीली जानकारी दी। इस मौके पर मुफ़्ती मुहम्मद, अब्दुल मतीन, मुफ़्ती मुहम्मद उवैस अकरम, मुफ़्ती अबरार अहमद, मुफ़्ती रियाज अहमद, मुफ़्ती कफ़ील अहमद, मुफ़्ती नबील अहमद, मुफ़्ती मुहम्मद शादाब, मुफ़्ती मुहम्मद शाहिद, मौलाना शमीम अहमद, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना उबैदुल्लाह, मौलाना अतीक अहमद, मौलाना मुहम्मद वारिस, मौलाना मुहम्मद बिलाल, हाफ़िज रफ़ीक अहमद, कारी रईस अहमद, हाफ़िज अलीमुद्दीन, मौलाना वकील अहमद, मौलाना गुलफ़ाम, गुलफ़ाम अहमद, कारी दानिश, मुफ़्ती उस्मान, मौलाना राय्यान, मौलाना अब्बास, चेयरपर्सन पुत्र शहराज ख़लील, तंजील आलम, हाजी वकील अहमद, डॉ. इसरार अहमद आदि की मौजूदगी रही।

# रूकनपुर के दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

## परिवारों में कोहराम, गांव में शोक



मृतकों के फाइल फोटो

**चांदपुर (चिंगारी)।** बुलेट मोटरसाइकिल से मेरठ जा रहे दो दोस्तों की मवाना में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतकों में से एक आर्मी में था तथा छुट्टी पर घर आया हुआ था। युवकों की मौत की खबर से उनके घर में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक छा गया। पोस्टमार्टम के बाद रात्रि लगभग 10 बजे दोनों के शव घर पहुंचने पर उनके घरों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम रूकनपुर निवासी शिवम कुमार (30 वर्ष) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में तैनात था। दो दिन पूर्व ही छुट्टी पर वह घर आया हुआ था। मंगलवार को शिवम कुमार अपने दोस्त गांव के ही मोहित कुमार उर्फ भूरे (32 वर्ष) पुत्र ओमराज सिंह के साथ किसी काम से मोटरसाइकिल से मेरठ जा रहे थे। बताया जाता है कि मवाना में गन्ने से लदे ट्रक की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। शिवम विवाहित था, जबकि मोहित उर्फ भूरे की अभी शादी नहीं हुई थी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**चांदपुर (चिंगारी)।** कल शाम चांदपुर-जलीलपुर रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। नगर के मुहल्ला कायस्थान निवासी बंटी (42 वर्ष) पुत्र हरि सिंह ने खादर क्षेत्र में पालेज लगा रखी है। कल शाम बंटी खादर क्षेत्र से मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। चांदपुर-जलीलपुर रोड पर सर्वोदय विद्यालय सेंदवार के पास अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिये जाने से बंटी की मौके पर ही मौत हो गई। जेब से मिले आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त हुई। उसकी मौत की खबर सुनकर उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई महेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# संदीप तोमर निर्विरोध चुने गये ग्रामीण विकास बैंक चेयरमैन




नवनिर्वाचित चेयरमैन का सम्मान करते हुए पूर्व विधायक व चौ. सुधीन्द्र सिंह।

**चांदपुर (चिंगारी)।** उप्र सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन पद के लिए केवल एक नामांकन पत्र जमा होने के कारण संदीप तोमर लगातार तीसरी बार निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। भाजपा व रालोद नेताओं ने नवनिर्वाचित चेयरमैन संदीप तोमर को फूल मालाओं से लादकर खुशी जताई। मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय पर उप्र सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। एक मात्र संदीप तोमर द्वारा ही नामांकन पत्र जमा किया गया। निर्धारित समय में अन्य किसी व्यक्ति द्वारा नामांकन पत्र जमा न किये जाने से संदीप तोमर को निर्विरोध चेयरमैन चुन लिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, चन्द्रपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ. सुधीन्द्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, श्रीमती मीनू राजपूत, नवनीत राणा, राकेश सिंह, केशव चौधरी, सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे।

## घर से दो संदूक उठा ले गये चोर

**चांदपुर (चिंगारी)।** चोरों ने एक घर से लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये, तलाश करने पर खाली संदूक नहर के पास पड़े मिले। ग्राम हैजरपुर निवासी चन्द्रपाल सिंह पुत्र चेतराम सिंह ने बताया कि उसका पुत्र हिमांश रात्रि में 3 बजे पढ़ने के लिए उठा तो उसने मेन दरवाजे के साथ-साथ एक कमरे का भी दरवाजा खुला हुआ था। हिमांश ने परिजनों को उठाया। देखने पर कमरे में रखे दो संदूक गायब थे। तलाश करने पर दोनों संदूक नहर पर पड़े मिले तथा संदूक में रखे लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**नूरपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विकास खंड सभागार नूरपुर के ग्राम प्रधान वार्ड मेंबर एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का डिजिटल एवं फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म क्या है, उसका उपयोग कैसे करना है। पंचायती राज विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल विषय पर चर्चा की। प्रशिक्षक ममता सैनी द्वारा ऑनलाइन सुरक्षा उसका महत्व, ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी एवं उनसे बचने की रणनीतियां तथा जीपीडीपी और बजट योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक नरेंद्र, प्रिरियल, रजत ने ई-ग्राम स्वराज, पीएमएस, एसबीएम रेट्रोफिटिंग विषयों पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक एवं निर्वाचित प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम, नरेंद्र, ममता सैनी, प्रिरियल, रजत आदि मौजूद रहे।

## बाप-बेटों ने की मारपिटाई पीड़ित ने रिपोर्ट लिखाई

**चांदपुर (चिंगारी)।** किराना व्यापारी ने पड़ोसी बाप-बेटों पर उसकी दुकान पर आकर उसके व उसके भाई के साथ गाली-गलौच व मारपीट करने तथा दुकान में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में नगर के मुहल्ला कटकुई निवासी फैसल मलिक ने बताया कि उसकी किराने की दुकान मनिहारो वाली गली में है। कल शाम वे तथा उसका छोटा भाई सुहेल मलिक दुकान पर बैठे हुए थे, तभी पड़ोसी मौ. अकबर व उनके दोनों पुत्रों गुल मुहम्मद व नूर मोहम्मद ने उसकी दुकान पर आकर गाली-गलौच व मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ की, जिससे उनका 5 हजार रूपए का नुक़सान हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## मुन्नन खान के इंतकाल पर रंजोग़म का इज़हार

**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर के प्रसिद्ध हड्डी जोड़ने में माहिर मुन्नन खान का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनकी उम्र लगभग 85 साल थी। उनके निधन की खबर सुनते ही नगर और आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। मुन्नन खान एक नेक दिल और मिलनसार व्यक्ति थे। सोमवार को उनको सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में भारी भीड़ ने शिरकत की। मुस्लिम फंड भोजपुर शाखा में भी एक शोकसभा की गई। शाखा प्रबंधक शाहाब अतहर खां उर्फ कल्लू खा,कामरान युसूफ, राशिद खान आसिफ हुसैन, मन्नान, दीपक कुमार, नवनीत शर्मा, डॉक्टर खिज़र जावेद खान, सलीम मलिक आदि लोगों ने शोकसभा में शिरकत की।



फाइल फोटो

## जीशान इलेविन ने जीती मौलाना हामिद ट्रॉफी




**सहसपुर (चिंगारी)।** एचएम मॉडर्न कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबन्धक श्री आफताब आलम के दादा मौलाना हामिद की याद में विद्यालय प्रांगण में चल रही केपीएल मौलाना हामिद ट्रॉफी का फाइनल मैच जिशान 11 और दिलशाद कांठ बीच खेला गया। दिलशाद कांठ की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 10 ओवर में 110 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीशान 11 सहसपुर की टीम ने तीन गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया। मोहम्मद मोनिस मैन ऑफ द मैच रहे। टीम में अंकित मास्टर, जीशान, सलमान, काविश, शोबी, सादिक, नावेद, उमेर, कैफ, सादिक आदि मोहसिन, कैफ, याकूब, कैफ शाकिब, विजेता टीम के सदस्य रहे। विजेता टीम को प्रबन्धक आफताब आलम और मोहम्मद आज़म के द्वारा ट्रॉफी दी गई। इस दौरान शादाब, दिलशाद, राजा क्रिकेटर, मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# रैली निकालकर रासेयो शिविर लगाने सिकंदरपुर पहुंचे स्वयंसेवक




**नहटौर (चिंगारी)।** एचएमआई इंटर कॉलेज नहटौर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को ग्राम सिकंदरपुर आयोजित शिविर के लिये छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य सैय्यद बिलाल अहमद ज़ैदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में ग्रामीणों को सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दें तथा विभिन्न जागरूकता अभियान चलायें, जिसमें प्रमुख रूप से स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, मतदाता जागरूकता, साइबर अपराध, नशामुक्ति अभियान आदि हैं। रैली का स्वागत नगरपालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा नगरपालिका हॉल में किया गया। रैली का समापन ग्राम सिकंदरपुर में हुआ, जहां पर ग्रामीण क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक इकरामुद्दीन, हुमैर अली, राजपाल सिंह, सदरुद्दीन, दीपक कुमार आदि ने स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीजीआईसी की प्रधानाचार्या बबीता रानी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम अधिकारी नौशाद अहमद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की है। इस अवसर पर अलीम अहमद, महमूद अहमद, खान कसीम अहमद, अध्यापिका कुमारी मुस्तबशिरा, सैय्यद काशिफ़ ज़ैदी, आमिर रेहान, मशकूर अली, जय देव त्यागी, रंजीत सिंह, डाक्टर परवेज़ इक़बाल, ज़ुहैब हैदर ज़ैदी, अफ़ज़ाल कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



**झालू ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी झालू मण्डल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम नवादा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सेक्टर संयोजक जोगिंदर के आवास में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। जोगिंदर सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाए। उन्होंने आपसी समन्वय, समयबद्ध कार्यक्रमों और जमीनी स्तर पर जनता से संवाद को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने सुझाव रखे और संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने एकजुट होकर पार्टी के आगामी अभियानों को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मनवीर चौधरी, पिंकी चौधरी, विपिन चौधरी, विवेक चौधरी, हरवीर चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजनौर के प्रसिद्ध जादूगर पाशा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा



**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** ऑल इंडिया मैजिशियन्स एण्ड इल्यूजनिस्ट सोसायटी (रजि.) लुधियाना पंजाब के तत्वावधान में तिलिस्मी दुनिया जादुई पत्रिका का द्वितीय स्थापना दिवस सरोवर इंटर कालेज मुरादाबाद के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भारत के अनेक राज्यों से आये लगभग 100 जादूगरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जादूगरों का जादू देखकर कालेज के छात्र-छात्राएं तथा अन्य दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। इस अवसर पर आल इंडिया मैजिशियन्स एण्ड इल्यूजनिस्ट सोसायटी की तरफ से बिजनौर के जादूगर श्री एनए पाशा को लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड से नवाजा गया। जादूगर एनए पाशा को यह अवार्ड सोसायटी के अध्यक्ष जादूगर मौगैम्बो, जादूगर सम्राट शंकर, जादूगर जुगनू आदि ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

# समायोजन की आड़ में सामान्य स्थानांतरण का खेल

## नियम विरुद्ध शिक्षिका का स्थानांतरण। बेसिक शिक्षा विभाग का मामला।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कार्यशैली एवं भ्रष्टाचार को लेकर सदैव चर्चा में रहने वाला बेसिक शिक्षा विभाग ने एक बार फिर मुख्यमंत्री के आदर्शों को धता बताते हुए सर प्लस अध्यापक हटाने की आड़ में सामान्य स्थानांतरण का खेल कर दिया है। 8 वर्षों से बेसिक शिक्षा विभाग में सामान्य रूप से स्थान्तरण पर रोक के बाद भी एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में अनाधिकृत रूप से शिक्षिका का स्थानांतरण कर दिया।

बता दें कि शिक्षा विभाग में मुख्यमंत्री एवं विभाग द्वारा सामान्य स्थान्तरण पर सख्ती के साथ रोक लगाई गई है। विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षक होने की स्थिति में और जहां आवश्यकता है। उनका ऑनलाइन यू डायस पोर्टल पर उपलब्ध कर संख्या के आधार पर पारदर्शिता के साथ स्थानांतरण किया जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग जो सदैव अपने भ्रष्टाचार के कारनामों को लेकर चर्चाओं में रहता है। सरप्लस स्थानांतरण की आड़ में सामान्य स्थानांतरण का खेल भी कर दिया। जिसे लेकर विभाग में चर्चाओं का बाजार गर्म है और मामले में विभाग के अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। कंपोजिट विद्यालय फुलसन्दा विकास क्षेत्र नहटौर में कार्यरत एक सहायक अध्यापक को सामान्य रूप से हटाकर अल्हैपुर ब्लॉक के विद्यालय उदुपुरा में स्थानांतरित कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी नहटौर ने भी अनाधिकृत तौर पर हुए स्थानान्तरण के बाद अध्यापिका को कार्य मुक्त कर दिया है। स्थानांतरण न होने से परेशान शिक्षकों ने मामले की शिकायत शासन स्तर पर की है। उनका यह भी दावा है कि यदि सुनवाई नहीं होती है, तो वह मामले को लेकर न्यायालय में जाएंगे।

### सामूहिक के स्थान पर पृथक जारी की लिस्ट

सूत्रों का दावा है कि भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए अध्यापकों को सामूहिक सूची जारी न कर व्यक्तिगत आदेश जारी किए गए हैं, जो नियम विरुद्ध है। जिससे भ्रष्टाचार होने का काफी दावा किया गया।

### पोस्टर लहराकर भ्रष्टाचार पर जताया था आक्रोश

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त रहा है। इससे पूर्व बीते वर्ष एक व्यक्ति ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर खड़े होकर भ्रष्टाचार से जुड़ा एक पोस्टर लहराया था, जो काफी चर्चा का विषय बना था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मामले को दबा दिया था।

चिंगारी EXCLUSIVE

# नाबालिग को ले उड़ा युवक

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने गैर सम्प्रदाय के युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने व उसकी पुत्री द्वारा घर में रखी 45 हजार रूपए की नकदी व सोने के झाले ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को ग्राम अलावलपुर निवासी रोबिन बहला- फुसलाकर ले गया। उसकी पुत्री अपने साथ घर में रखे 45 हजार रूपए व एक जोड़ी सोने के झाले भी ले गयी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# रविदास जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा की रणनीति बनाई



**नगीना ( चिंगारी )।** रविदास जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा के लिए रणनीति बनाने हेतु अम्बेडकर पार्क में बैठक का आयोजन किया। बैठक में रविदास जयंती को धूमधाम से निकालने हेतु रविदास कमेटी के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे एवं रविदास जयंती को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया। बैठक में रविदास सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय कुमार, पूर्व विधायक सतीश गौतम, अवनीश मालवा, भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि, अध्यक्ष अम्बेडकर स्मारक सुगमचंद, राजकुमार सिंह, लेखराज सिंह, यशवंत सिंह, गोपाल एड., बलराम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अवनीश यादव कुमार, अमित कुमार, कोमल सिंह, ज्ञानी सिंह, निन्ना कुमार आदि मौजूद रहे।

# शमशीर उर्फ पोंटिंग ने नगरपालिका ईओ व सभासदों को सम्मानित किया

**नहटौर ( चिंगारी )।** मोहल्ला मौलवियान वार्ड नंबर 23 में सभासद शमशीर उर्फ पोंटिंग ने कार्यक्रम आयोजित कर नगर पालिका ईओ सहित सफाई कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर व गर्म जैकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी ठंड हो या गर्मी या बरसात हो, नगर व वार्डो को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका रहती है। कड़कड़ाती सर्दी में सफाई कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। नगर को साफ सुथरा बनाने में योगदान देते है। उन्होंने कहा कि वे दिन-रात मेहनत कर नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। वो सम्मान के हकदार हैं। वहीं उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी ओम गिरि नगर की हर छोटी-छोटी चीज पर दिन रात मेहनत करके शहर के विकास कार्य में लगे है। यह पहल न केवल उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में भी प्रोत्साहित करेगी, बल्कि ओर आत्मविश्वास के साथ ओर मेहनत, लगन से काम करने की प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि अधिशासी अधिकारी ओम गिरि के कार्यकाल में नगर में बहुत से विकास कार्य किए जा रहे है, वे अपनी भूमिका ईमानदारी के साथ निभाते है।



शमशीर उर्फ पोंटिंग ने कहा कि वह जनता के लिए हर समय तैयार है। जनता की सेवा करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है।



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 22 जनवरी 2026**

मेष- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, किसी पुराने विवाद का समापन, घरेलू वातावरण, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, विशिष्टजनों से सम्पर्क।

वृषभ- किसी योजना की शुरुआत, पारिवारिक कठिनाइयों का निवारण, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोबल में वृद्धि, खुशी भी।

मिथुन- सामयिक कार्यों में सफलता, धनागम का सुयोग, राजनीतिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शारीरिक सुख की अनुभूति, मानसिक राहत, स्वजनों से विचार-विमर्श।

कर्क- कठिनाइयों से चिन्ता, प्रगति में व्यवधान, मित्रों से अनबन, शत्रु हानि पहुँचाने में सफल, पठन-पाठन में अरुचि, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसान।

सिंह- सामयिक सिद्धि हेतु प्रयत्नशील, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक कठिनाइयों का निराकरण, धन संचय की ओर अभिरुचि, संत समागम।

कन्या- दिनमान अनुकूल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना का श्रीगणेश, निजी जिन्दगी में महत्वपूर्ण उपलब्धि, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, मानसिक राहत।

तुला- ग्रहयोग स्थिति भाग्य के पक्ष में, साहसिक प्रयास प्रगति पर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, दूर या समीप की यात्रा।

वृश्चिक- कठिनाइयों से अशांति, निजी इच्छा की पूर्ति में व्यवधान, धन का अभाव, सुपरिचितों से मतभेद, अप्रिय घटना घटित, सुख के साधन में कमी, कष्ट भी।

धनु- समय संतोषजनक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, शुभ-भावनाओं का उदय, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मकर- ग्रहयोग बेहतर, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, परोपकार की भावना जागृत, धन की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति, विरोधी परास्त, यात्रा संतोषजनक।

कुम्भ- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, सुसमाचार की प्राप्ति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

मीन- दिनचर्या अव्यवस्थित, पठन-पाठन में अरुचि, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, जोखिम से नुकसान, वाहन से कष्ट, जिम्मेदारियों को निभाने में मुश्किलें, धनहानि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच के साथ-साथ लघु सचिवालय भी स्थापित हो!

**मुद्दा**

**पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना किये बगैर सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने की बात करना बेमानी है। न्यायिक व्यवस्था का स्वरूप तब तक नहीं बदला जा सकता, जब तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना नहीं की जाती है।**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना ही नहीं, बल्कि लघु सचिवालय की स्थापना भी होनी चाहिए। विशाल प्रदेश में कानून व्यवस्था और न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए सचिवालय और उच्च न्यायालय का होना भी अति आवश्यक है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना के औचित्य को देश के प्रधान न्यायाधीश से लेकर प्रत्येक प्रधानमंत्री, देश के कानून मंत्री व मुख्यमंत्रियों तक छोटा-बड़ा किसी भी दल का प्रतिनिधि जर्नलिस्ट, संसद में, विधानसभा में अन्दर व बाहर स्वीकार कर चुका है, लेकिन आधी सदी के समय के लगभग से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्तागण इस मांग को लेकर आंदोलनरत हैं और लम्बे समय तक न्यायिक कार्यों से विरत रहकर धरना-प्रदर्शन करके लाठी-डंडों की मार भी खा चुके हैं, लेकिन आज तक भी हाईकोर्ट बैंच की स्थापना को लेकर सरकारों की नियत में बदनीति है, लेशमात्र भी इस जनहित की मांग की कोई परवाह नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश को सुलभ न्याय का मॉडल व न्यायिक व्यवस्था के स्वरूप को बदलने की बात किसी भी महानुभाव या बड़े नेता के द्वारा कहना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 12 करोड़ लोगों के साथ बेईमानी है और उन्हें भ्रमित करने की कोशिश है। वास्तविकता यह है कि पूर्वी प्रदेश के लोगों को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच देकर उन्हें अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए नाराज करना नहीं चाहते हैं। जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है, इसलिए इस लड़ाई को लड़ने के लिए अब इस अधिवक्ताओं के आंदोलन को जनआंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है।



इस मांग को अंजाम तक पहुंचाने के लिए बिजनौर जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बार के पूर्व अध्यक्षों, सचिवों, राजनैतिक दलों के अध्यक्षों/सचिवों, सभी संगठनों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन व चर्चा करने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में 26 जनवरी के बाद करने का मन बनाया है और शीघ्र ही इस आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य आरंभ किया जाएगा और जनपद बिजनौर के सभी राजनैतिक, सामाजिक लोगों से उनके विचार आमंत्रित करने के लिए उनके मोबाइल नम्बरों को प्राप्त कर सूचीबद्ध किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी सांसदों और विधायकों का सहयोग लिया जाएगा और सलाह मशवरा किया जाएगा। किसान यूनियन के जुझारू नेताओं से बात कर इस आंदोलन को मजबूत कर चलाने का प्रयास किया जाएगा। इस आंदोलन को क्रियान्वित करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार को भी पहले सूचित करने का समय दिया जाएगा। यदि निश्चित समय तक सरकार निरुत्तर रहती है, तो आंदोलन को बड़ा रूप देकर धरना-प्रदर्शन और बिजनौर बंद से लेकर रेल रोको तक आंदोलन में परिवर्तन कर दिया जाएगा, जिसके लिए जिम्मेदार लोग उत्तरदायी होंगे।

-राजेंद्र कुमार एडवोकेट
पूर्व अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन
बिजनौर, मो. 6239958346

# इस बसंत पंचमी पर बन रहे कई शुभ योग



बसंत पंचमी सनातन परंपरा में ज्ञान, विद्या, कला और ऋतु परिवर्तन का अत्यंत शुभ पर्व माना जाता है। यह पर्व माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है और इसी दिन मां सरस्वती की विशेष आराधना की जाती है। वर्ष 2026 में वसंत पंचमी 23 जनवरी, शुक्रवार को मनाई जाएगी। पंचमी तिथि का आरंभ 23 जनवरी को 2:28 बजे होगा और इसका समापन 24 जनवरी को 1:46 बजे तक रहेगा।

धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष बसंत पंचमी पर पूजा-अर्चना के लिए विशेष शुभ संयोग बन रहे हैं। सरस्वती पूजा का श्रेष्ठ मुहूर्त प्रात: 7:13 बजे से दोपहर 12:33 बजे तक रहेगा, जो विद्या, लेखन, अध्ययन, संगीत, कला और नये शैक्षणिक कार्यों के आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। इसके अतिरिक्त ब्रह्म मुहूर्त और अभिजीत मुहूर्त भी इस दिन साधना और शुभ कार्यों के लिए अनुकूल रहेंगे। बसंत पंचमी को शास्त्रों में अबूझ मुहूर्त भी कहा गया है, अर्थात इस दिन बिना विशेष पंचांग देखे शुभ कार्य किए जा सकते हैं।



ज्योतिषीय दृष्टि से इस बसंत पंचमी पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है, जिससे पर्व का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इन शुभ योगों का विशेष लाभ कर्क, कन्या, धनु, मकर और मीन राशि के जातकों को अनुकूल फल मिलने के प्रबल संकेत हैं। इन राशियों के लिए शिक्षा, करियर, धन-वृद्धि, मान-सम्मान और रुके हुए कार्यों में प्रगति के योग हैं।

### इस मंत्र का जाप करें

बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र धारण करना, पीले पुष्प अर्पित करना, पुस्तकों और लेखन सामग्री का पूजन करना तथा माँ सरस्वती के मंत्रों का जाप विशेष फल प्रदान करता है। यह पर्व हमें ज्ञान के प्रति सम्मान, जीवन में अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाने की प्रेरणा देता है। इस दिन माँ सरस्वती के बीज मंत्र 'ऐं सरस्वत्यै नम:' का जाप करना चाहिए।

### मंत्र का अर्थ:-

ज्ञान, बुद्धि, वाणी और विवेक की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती को मेरा नमन है। यह मंत्र स्मरण-शक्ति बढ़ाने, एकाग्रता प्राप्त करने तथा विद्या और लेखन-कला में सफलता देने वाला माना गया है।

बसंत पंचमी के दिन इस मंत्र का जाप करने से शिक्षा, परीक्षा, संगीत, कला और बौद्धिक कार्यों में विशेष शुभफल प्राप्त होता है। बसंत पंचमी नवचेतना का पर्व है, जब प्रकृति और मानव दोनों एक नये आरंभ की ओर अग्रसर होते हैं। यह दिन हमें बताता है कि जैसे वृक्षों पर नई कोपलें आती हैं, वैसे ही जीवन में भी नये विचार, नई प्रेरणा और नई संभावनाएं जन्म लेती हैं। ज्ञान, विद्या और संस्कार की देवी माँ सरस्वती का पूजन इस बात का प्रतीक है कि जब प्रकृति मुस्कुराती है, तब मानव बुद्धि भी उज्ज्वल होती है और जीवन पथ और अधिक स्पष्ट हो जाता है।



- पंडित अभिलाष शर्मा
विष्णुलोक
सिविल लाइन पंजाब नेशनल बैंक के बराबर में, बिजनौर।
9457563232

# कण्वाश्रम महोत्सव से पूर्व छात्रों ने किया मार्च पास्ट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महर्षि कण्व की तपोभूमि एवं भारत नामदेय चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली कण्वाश्रम में आयोजित होने वाले कण्वाश्रम महोत्सव-2026 से पूर्व छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट के झण्डाचौक पहुंचने पर उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि कण्वाश्रम केवल एक ऐतिहासिक स्थल ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा और संस्कारों की अमूल्य धरोहर है। ऐसे महोत्सव हमारी युवा पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। वहीं कण्वाश्रम महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल ने कहा कि कण्वाश्रम महोत्सव का उद्देश्य नई पीढ़ी को महर्षि कण्व की तपोभूमि, सम्राट भरत की जन्मस्थली और भारत की सांस्कृतिक जड़ों से परिचित कराना है। बताया कि महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण, अभिभावक एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कोटद्वार में मंगलवार को कण्वाश्रम महोत्सव को लेकर छात्र-छात्राओं ने किया मार्च पास्ट।

## सरकार ने मांगों पर नहीं किया विचार

### कर्मचारी परिषद करेगी आगामी रणनीति तैयार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर परिषद की कोटद्वार इकाई की ओर से राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र कोटद्वार परिसर में आहूत गेट मीटिंग मे विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर इकाई पदाधिकारियों ने परिषद द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही पुरानी पेंशन बहाली, गोल्डन कार्ड की विसंगति दूर करने, सभी कार्मिको को 10,16, 26 वर्ष पर पदोन्नति वेतनमान सभी के लिए रूप से लागू किये जाने, विभागीय पुनर्गठन में हीला-हवाली, पदोन्नति में शिथिलीकरण को व्यापक किये जाने तथा वेतन समिति की सभी सिफारिशों को लागू करने समेत राज्य के कार्मिकों व अन्य सभी संगठनों को भी केन्द्र की भांति आवास किराया भत्ता आदि मांगों पर कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त किया। तय किया कि इस संबध में शीघ्र ही रणनीति तैयार की जायेगी और इस संबंध में सभी विभागों के कर्मचारियों से संपर्क किया जायेगा। मीटिंग में परिषद के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष हर्ष मोहन नेगी, जिला मंत्री जे.पी. मिश्रा, उद्यान कर्मचारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, देवेंद्रनाथ, अंकित सिंह, पंकज सैनी, नंदिता जोशी, सोनाली नेगी, आश्रिता गुसाईं, कनक कटारिया, बिजेंद्र सिंह, सरिता, नीरज नेगी और रिंकी कुकरेती आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अग्निवीर भर्ती रैली के छठे दिन 1200 युवाओं ने लगायी दौड़

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार के कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में चल रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के छठे दिन मंगलवार को टिहरी की कीर्तिनगर, पावकी देवी, मदन नेगी, जाखणीधार, कंडीसेरा, नैनबाग, नरेंद्र नगर, प्रतापनगर सहित पौड़ी जिले की यमकेश्वर तहसील के पंजीकृत 1200 युवाओं ने हिस्सा लिया। छठे दिन भी मौसम ने युवाओं का पूरा साथ दिया और सुबह से ही धूप खिली रही। भर्ती रैली के लिए सुबह चार बजे से प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए जाएंगे। सेना के विशेषज्ञ शारीरिक दक्षता और शिक्षा विभाग के कर्मचारी उनके शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। वहीं भर्ती रैली में आए युवाओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। भर्ती में आज- 21 जनवरी बुधवार को पौड़ी गढ़वाल की बीरोंखाल, चाकीसैण, चौबट्टाखाल, धुमाकोट और रिखणीखाल तहसीलों के पंजीकृत 1132 युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे।

## कांग्रेस महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला को पुलिस प्रशासन ने लाहड़पुर बॉर्डर पर रोका




**लालढांग ( चिंगारी )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हरिद्वार दौरे को लेकर हरिद्वार पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मंगलवार को उत्तराखंड कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला कांग्रेस प्रभारी सुनीता गांवडे आदि के साथ गृहमंत्री को ज्ञापन देने हरिद्वार पहुंचने का प्रयास कर रही थीं। इसकी सूचना उन्होंने पहले ही सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक कर दी थी।

ज्योति रौतेला समर्थकों के साथ जैसे ही नहरपटरी लाहड़पुर बॉर्डर से हरिद्वार में प्रवेश करने लगीं, श्यामपुर पुलिस ने उन्हें वहीं रोक लिया। रोकने पर उन्होंने पुलिस से कारण पूछा, लेकिन पुलिस के उत्तर से वह संतुष्ट नहीं हुई और हरिद्वार जाने के अपने फैसले पर अडिग रही। उधर कांग्रेस की महिला मोर्चे की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के हरिद्वार पुलिस द्वारा लहरपुर बॉर्डर पर रोकने की सूचना जैसे ही हरिद्वार के कांग्रेसियों को पता चली, कांग्रेसी नेता गुरजीत लहरी, राजीव चौधरी आदि अपने समर्थकों के साथ लाहरपुर बॉर्डर पर पहुंच गए। समर्थकों के साथ ज्योति रौतेला सड़क पर धरना देकर बैठ गईं। लगभग रात्रि 11 बजे के बाद पुलिस द्वारा अपने उच्च अधिकारियों से वार्ता के बाद उन्हें हरिद्वार के लिए जाने दिया।

## सामान्यज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मंगलम सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था झण्डीचौड़ की ओर से आयोजित विद्यालयी भाबर जोन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रतियोगिता संयोजक उमेश रावत ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए संस्था की ओर से प्राथमिक व जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें क्षेत्रीय विद्यालयों के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में आराध्या ने प्रथम, युग ने द्वितीय व परिधि व तृप्ति ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में पावनी भट्ट ने पहला व अभिनव जदली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में विकास बिष्ट, रामप्रकाश ध्यानी, राकेश राज व विकास सिंह ने भी सहयोग दिया।

## गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों की तैयारी, समय से पूर्ण करें निगम कर्मचारी

### खुले में कूड़ा डालने वालों पर करें कार्रवाई- महापौर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मंगलवार को नगर निगम सभागार में निगम कर्मचारियों की मासिक स्टाफ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कर्मचारियों को निगम द्वारा संचालित योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा ध्वजारोहण की व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए कहा गया। उन्होंने खुले में कूड़ा फेंकने तथा कूड़ा वाहनों में कचरा न डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी कर्मचारियों को दिये। बैठक में सीवरेज ट्रीटमेंट से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए सीवरेज प्रबंधन को प्रभावी बनाने, नालों व सीवर लाइनों की नियमित सफाई तथा उपचार प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए गए। वहीं सार्वजनिक शौचालयों की निरंतर सफाई, स्वच्छता मानकों के पालन, जल एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा कर वसूली में पारदर्शिता लाने तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस दिशा में प्रभावी कार्ययोजना पर अमल करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त पीएल शाह, सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा व अजय एस्टवाल, मुख्य सफ़ाई निरीक्षक सुनील चौधरी व सफ़ाई निरीक्षक परमित चौधरी सहित समस्त निगम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 47 मेधावियों को छात्रवृत्ति दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री भैरवनाथ जी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कण्वघाटी में आयोजित कार्यक्रम में 47 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। ट्रस्ट के पदाधिकारी बीएस रावत ने बताया कि इससे पूर्व भी ट्रस्ट की ओर से राजकीय इंटर कालेज मटियाली व कीर्तिखाल के विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है। ट्रस्ट का उद्देश्य है कि किसी भी मेधावी छात्र की पढ़ाई में उसके परिवार की वित्तीय स्थिति बाधा न बने। बताया कि अब तक पौड़ी गढ़वाल के 37 सरकारी स्कूल के 1082 छात्रों को ट्रस्ट की ओर से छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है। इस मौके विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दोस्त का जन्मदिन मनाने जा रहे युवकों को मौत ने दबोचा

## सड़क पर खड़े वाहन से टकराई युवकों की बाइक, तीसरा गंभीर घायल

**किरतपुर ( चिंगारी )। जन्मदिन मनाने जा रहे युवकों की बाइक सड़क किनारे खड़े वाहन से टकरा गई, जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना स्थल पर इकट्ठा हुई भीड़ ने पुलिस को सूचना देकर तीनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। घायलों में से दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।**

मंगलवार की दोपहर नगर के तीन युवक तुषार कश्यप (21 वर्ष) पुत्र लक्ष्मण कश्यप निवासी मौहल्ला टीचर कालोनी, कार्तिक रस्तौगी (20 वर्ष) पुत्र प्रशांत रस्तौगी निवासी मौहल्ला झण्डा एवं लक्ष्य राजपूत (20 वर्ष) पुत्र राहुल राजपूत निवासी





भगवानपुर अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने बिजनौर जा रहे थे। तीनों एक ही बाइक से थे। नेशनल हाईवे पर ग्राम स्वाहेड़ी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना स्थल पर इकट्ठा हुये लोगों ने पुलिस को सूचना देकर तीनों युवकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने लक्ष्य राजपूत व कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। तुषार का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, उसकी हालत भी गंभीर है।

### लक्ष्य को लिया था गोद

**राहुल राजपूत ने करीब 20 साल पहले लक्ष्य को गोद लिया था। राहुल के परिवार ने लक्ष्य की बहुत लाड-प्यार से परवरिश की। वह परिवार में सबका लाडला था। लक्ष्य आरएसएस के नेता ललित राजपूत का भतीजा है। लक्ष्य की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा है।**

# नगीना रेलवे स्टेशन पर बम!

## पुलिस मौके पर पहुंची तो सूचना निकली झूठी

**नगीना ( चिंगारी )।** मंगलवार की रात्रि डायल 112 को नगीना रेलवे स्टेशन पर बम रखे होने की सूचना मिली, तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही नगीना पुलिस ने स्टेशन की तरफ दौड़ लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो सूचना झूठी निकली तथा सूचना देने वाला युवक मानसिक रूप से बीमार निकला, तब पुलिस ने राहत की सास ली। मंगलवार की रात्रि करीब नौ बजे एक युवक ने पुलिस को डायल 112 पर यह सूचना दी कि नगीना रेलवे स्टेशन पर बम रखा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार

### सूचना देने वाला युवक मानसिक रूप से बीमार निकला

चतुर्वेदी व थाना अध्यक्ष अवनीत मान पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। सूचना देने वाले के नंबर पर कॉल करते हुए पुलिस ने उसे रेलवे स्टेशन के बाहर टहलते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान धामपुर निवासी 30 वर्षीय मयंक के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी युवक मानसिक रूप से बीमार है तथा अक्सर नगीना रेलवे स्टेशन के आसपास घूमता हुआ दिखाई देता रहा है। फिलहाल पुलिस पूछताछ के लिए आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले आई है। सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि सूचना देने वाला युवक मानसिक रूप से बीमार है। आसपास के लोगों ने बताया कि वह पूर्व में भी इस तरह की हरकत कर चुका है।






## शाज़िया की मौत के बाद भी खुलेआम घूम रहे आरोपी, पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में



**बिजनौर ( चिंगारी )।** दहेज़ के लिए ससुराल वालों ने शाज़िया को जलाकर मार डाला। घटना के कई दिन बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। आरोप है कि पुलिस उन्हें पकड़ने के बजाये पीड़िता के मायके वालों पर फैसले का दबाव बना रही है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदा निवासी शाज़िया की शादी नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम धनपुरा निवासी फैज़ान पुत्र असगर से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा शाज़िया को दहेज़ के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि 6 जनवरी की रात को ससुराल वालों ने शाज़िया को ज़िंदा जला दिया। गंभीर रूप से झुलसी शाज़िया को पहले बिजनौर ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेरठ रैफर कर दिया गया। मेरठ में इलाज के दौरान 11 जनवरी को शाज़िया ने दम तोड़ दिया। मृतका के भाई तनवीर ने पति फैज़ान, सास वकीला उर्फ़ कल्लो, जेठ ज़ियाउल, ननद तहज़ीबा व अल्शिफ़ा उर्फ़ फैज़ी के खिलाफ दहेज़ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के मायके वालों का आरोप है कि पुलिस ने अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष पर 'आपसी फैसले' का दबाव बनाया जा रहा है। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर महिला सुरक्षा और दहेज़ विरोधी कानूनों की ज़मीनी हकीकत को उजागर कर दिया है। सवाल यह है कि जब एक युवती की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है और नामजद आरोपी मौजूद हैं, तो फिर गिरफ्तारी में देरी क्यों? क्या दहेज़ हत्या जैसे संगीन अपराध में भी समझौते की गुंजाइश है? पीड़ित परिवार ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।


